# जल जीवन मिशन कनेक्शन में राजस्थान 12वें स्थान पर

## चर्चा में क्यों?

4 जून, 2023 को राजस्थान के जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने बताया कि जल जीवन मिशन में अभी तक कुल कनेक्शन का आँकड़ा 42.14 लाख को पार कर राजस्थान देश में 12वें स्थान पर पहुँच गया है।

## प्रमुख बिंदु

- जलदाय मंत्री ने बताया कि जल जीवन मिशन में अभी तक 16 हज़ार 36 करोड़ रुपए खर्च कर व्यय के मामले में प्रदेश दूसरे स्थान पर पहुँच गया है। मिशन के तहत चालू वित्तीय वर्ष में अभी तक कुल 1521 करोड़ रुपए व्यय किये जा चुके हैं।
- उच्च स्तर पर निरंतर मॉनिटरिंग एवं समीक्षा से प्रदेश में मिशन का ग्राफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। राजस्थान ने अब तक के सर्वाधिक जल कनेक्शन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 31 मार्च को एक दिन में 27 हज़ार 470 कनेक्शन किये थे।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 14 लाख 13 हज़ार 679 जल कनेक्शन किये जा चुके हैं। चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में कुल 4.75 लाख कनेक्शन का लक्ष्य है, जिसमें से 31 मई तक 3.05 लाख कनेक्शन हो चुके हैं।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के जल जीवन मिशन के तय लक्ष्यों को हासिल करने वाले श्रेष्ठ 5 ज़िलों में झालावाड़ ने 76 प्रतिशत, भीलवाड़ा ने 71, कोटा ने 69, चित्तौड़गढ़ ने 66 एवं उदयपुर ने 66 प्रतिशत प्रगति दर्ज की। प्रदेश में कुल 7 ज़िलों ने 50 फीसदी से अधिक जल कनेक्शन का लक्ष्य हासिल किया है।
- जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने बताया कि जिस समय जल जीवन मिशन की शुरूआत हुई थी तब राजस्थान में महज 10 प्रतिशत जल कनेक्शन ही उपलब्ध थे। दिसंबर 2019 में प्रदेश में हर घर जल कनेक्शन वाले परिवारों की संख्या 11 लाख 74 हज़ार 131 थी, जो अब बढ़कर 42 लाख 14 हज़ार हो गई है।
- विदित है कि 2019 से लेकर अभी तक प्रदेश में 30 लाख 50 हज़ार नए जल कनेक्शन दिये जा चुके हैं, जो कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य के लिये एक उपलब्धि है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-ranks-12th-in-jal-jeevan-mission-connection